दिनांक
22|02|2023

सेमिनार रिपोर्ट

अर्थशास्त्र विभाग, सकलडीहा पी० जी० कालेज, सकलडीहा

उत्तर प्रदेश शासन एवं कार्यालय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी के आदेश के अनुपालन के क्रम में सकलडीहा पी० जी० कालेज, सकलडीहा - चन्दौली के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा दिनांक 22|02|2023 को विषय - "भविष्य में कार्य का स्वरूप : उद्योग 4.0, नवाचार एवं 21वीं सदी कौशल" पर एक सेमिनार कार्यशाला का आयोजन किया गया।

उपरोक्त विषय पर आयोजित सेमिनार का शुभारंभ माता सरस्वती को पुष्प अर्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम प्रभारी डॉ० अमन मिश्र, सहायक प्राध्यापक, अर्थशास्त्र विभाग ने उपस्थित समस्त प्राध्यापकगण, प्राचार्य एवं छात्र-छात्राओं का स्वागत किया। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार सर्वप्रथम डॉ० योगेन्द्र तिवारी ने औद्योगिक क्रांति के विभिन्न चरणों की विस्तार पूर्वक चर्चा की एवं किस प्रकार चौथा चरण हमें नए भविष्य की ओर ले जा रहा है उसके बारे में बताया। अगले वक्ता के रूप में डॉ० मीनू श्रीवास्तव ने नवाचार एवं कौशल विकास पर अपने विचार रखें। उन्होंने अपने वक्तव्य में भारत सरकार के नीतियों की चर्चा की। कार्यक्रम के अगले चरण में विभाग प्रभारी प्रो० इन्द्रदेव सिंह ने भविष्य के कार्य कैसे होंगे इस पर अपने विचार रखे। बदलती हुई तकनीकी से भविष्य के सामान्य कार्य भी प्रभावित होंगें।

अंत में प्राचार्य जी ने सरकार द्वारा प्रस्तावित इस कार्यक्रम की महत्व की चर्चा की। चूंकि उपरोक्त कार्यक्रम जी० 20 के अन्तर्गत युवाओं को नवाचार एवं कौशल युक्त शिक्षा एवं उसके अनुप्रयोग को आधार बनाया गया है, अतः उसकी उपयोगिता आज के छात्र-छात्राओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक, प्रो० शमीम राईन, प्रो० दयानिधि सिंह यादव, डॉ० इन्द्रजीत सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ० योगेन्द्र तिवारी ने किया। आखिर में कार्यक्रम प्रभारी अमन मिश्र ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया और राष्ट्रगान के साथ समापन की घोषणा की।

विभाग प्रभारी
(signature)
प्रो० इन्द्रदेव सिंह

कार्यक्रम प्रभारी
(signature) Aman Mishra
डॉ० अमन मिश्र